# भारत के एक NGO को मिला रमन मैग्सेसे पुरस्कार: नारी शिक्षा का नया युग

## प्रासंगिकता:

| विषय क्षेत्र | मुख्य बिंदु |
|---|---|
| **समसामयिक महत्व** | UPSC प्रीलिम्स/मेंस के GS Paper-1, GS Paper-2 व निबंध में संदर्भ। |
| **नारी सशक्तिकरण** | लैंगिक असमानता पर अंकुश, सामाजिक न्याय। |
| **सामाजिक नवाचार** | सामुदायिक मॉडल, DIB जैसी नवीन पहल। |
| **अंतरराष्ट्रीय महत्व** | भारत की सॉफ्ट पावर और वैश्विक पहचान। |
| **शिक्षा नीति** | SDG-4 (Quality Education) की प्राप्ति हेतु योगदान। |

## परिचय:

2025 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण लेकर आया जब **'एजुकेट गर्ल्स' (Educate Girls)**, एक **भारतीय गैर-लाभकारी संगठन**, को इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाज़ा गया। यह पहली बार है जब **किसी भारतीय NGO ने यह पुरस्कार** जीता। यह उपलब्धि न केवल शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं को प्रेरणा देती है बल्कि भारत की वैश्विक छवि को भी सुदृढ़ करती है।

## रेमन मैग्सेसे पुरस्कार का संदर्भ

- **आरंभ:** **1958**, पूर्व फिलीपींस राष्ट्रपति **रमन मैग्सेसे** की स्मृति में।
- **उद्देश्य:** **"एशिया की महान आत्मा और परिवर्तनकारी नेतृत्व"** को सम्मानित करना।
- **महत्व:** **एशिया का "नोबेल पुरस्कार"** कहा जाता है।
- **अब तक:** 300 से अधिक व्यक्तियों/संस्थाओं को सम्मान।


THE HINDU

HOME / NEWS / INDIA

**NGO 'Educate Girls' wins Ramon Magsaysay Award 2025**

Being the first Indian non-profit to receive the Ramon Magsaysay Award is a historic moment for the country, says the founder, adding they are working to share the blueprint beyond India

Updated - August 31, 2025 10:28 pm IST - New Delhi

KALLOL BHATTACHERJEE

READ LATER PRINT

## एजुकेट गर्ल्स : एक परिचय

- **स्थापना:** 2007, संस्थापक – **सफीना हुसैन।**
- **सीईओ:** **गायत्री नायर लोबो।**
- **मुख्य उद्देश्य:**
    - वंचित लड़कियों का नामांकन और शिक्षा की निरंतरता।
    - शिक्षा में लैंगिक असमानता को दूर करना।
    - समुदाय आधारित मॉडल से सतत प्रभाव डालना।

## इसकी कार्यप्रणाली और पहल

1. **टीम बालिका मॉडल**
    - 23,000+ स्वयंसेवक।
    - गांव-गांव जाकर स्कूल से बाहर लड़कियों की पहचान और पुन: नामांकन।

2. **विद्या पहल**
    - 6–14 वर्ष की लड़कियों का स्कूल में नामांकन और स्थिरता।
3. **प्रगति पहल**
    - 15–29 वर्ष की किशोरियों/महिलाओं को शिक्षा का दूसरा अवसर और कौशल विकास।
4. **नवाचार**
    - दुनिया का पहला **Development Impact Bond (DIB)** शिक्षा क्षेत्र में लागू, लक्ष्यों से अधिक सफलता।

### *प्रभाव और उपलब्धियां*

- **भौगोलिक विस्तार**: राजस्थान से शुरू होकर अब 30,000+ गांवों तक।
- **लड़कियों की शिक्षा**:
    - 20 लाख+ लड़कियों का नामांकन।
    - 24 लाख+ को सुधारात्मक शिक्षा सहायता।
    - केवल राजस्थान में ही 7 लाख+ लड़कियां पुनः स्कूल से जुड़ीं।
- **समुदाय पर असर**:
    - परिवारों और समुदायों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण।
    - लैंगिक समानता और सामाजिक सशक्तिकरण में योगदान।

### *2025 के पुरस्कार विजेता*

- **Educate Girls (भारत)** – शिक्षा एवं लैंगिक समानता के लिए कार्य।
- **शाहिना अली (मालदीव)** – पर्यावरण संरक्षण।
- **फ्लेवियानो एंटोनियो एल. विलानुएवा (फिलीपींस)** – मानवाधिकार और ड्रग युद्ध विरोध।

### *निष्कर्ष*

एजुकेट गर्ल्स की सफलता इस बात का प्रमाण है कि **सामुदायिक भागीदारी, नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति से शिक्षा में क्रांति लाई जा सकती है।** यह उपलब्धि भारत के लिए गर्व का क्षण है और साथ ही यह याद दिलाती है कि **"जब एक लड़की पढ़ती है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है।"**

IAS-PCS Institute Result Mitra @resultmitra www.resultmitra.com 9235313184, 9235440806

**UPSC PRELIMS PRACTICE QUESTION:**

**प्रश्न 1:** हाल ही में समाचारों में उल्लेखित **एजुकेट गर्ल्स (Educate Girls)** के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह संगठन 2007 में सफीना हुसैन द्वारा स्थापित किया गया था।
2. इसका मुख्य उद्देश्य वंचित लड़कियों का नामांकन और शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करना है।
3. यह संगठन विश्व में पहला है जिसने शिक्षा क्षेत्र में Development Impact Bond (DIB) लागू किया।

सही कथन चुनिए:

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d) 1, 2 और 3**

**प्रश्न 2: रमन मैग्सेसे पुरस्कार** के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसकी शुरुआत 1958 में फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति की स्मृति में की गई थी।
2. इसे अक्सर "एशिया का नोबेल पुरस्कार" कहा जाता है।
3. अब तक केवल व्यक्तियों को ही यह पुरस्कार प्रदान किया गया है, संस्थाओं को नहीं।

सही विकल्प चुनिए:
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3
**उत्तर: (a) केवल 1 और 2**

IAS-PCS Institute

**प्रश्न 3: एजुकेट गर्ल्स** की प्रमुख पहलों में से कौन-सी सही है?

1. **टीम बालिका मॉडल** – स्वयंसेवकों के माध्यम से स्कूल से बाहर लड़कियों की पहचान और पुनः नामांकन।
2. **विद्या पहल** – 6–14 वर्ष की लड़कियों के लिए नामांकन और शिक्षा में स्थिरता।
3. **प्रगति पहल** – 15–29 वर्ष की किशोरियों एवं महिलाओं के लिए दूसरा अवसर शिक्षा और कौशल विकास।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3
**उत्तर: (d) 1, 2 और 3**

@resultmitra www.resultmit




**प्रश्न 4: 2025 के रेमन मैग्सेसे पुरस्कार** के विजेताओं में से कौन-कौन शामिल हैं?

1. Educate Girls (भारत)
2. शाहिना अली (मालदीव)
3. फ्लेवियानो एंटोनियो एल. विलानुएवा (फिलीपींस)
4. मलाला यूसुफजई (पाकिस्तान)

सही उत्तर चुनिए:
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4
**उत्तर: (b) केवल 1, 2 और 3**







Result Mitra
रिजल्ट का साथी
@resultmitra www.resultmitra.com 9235313184, 9235440806